तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 16 मई 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 भिलाई इस्पात संयंत्र में जर्जर गैलरी और सड़कों से ..





13 कर्नल पर अभद्र टिप्पणी कांग्रेसियों ने फूंका पुतला





## 10वीं व 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:मो.7697212782 (1) पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़- 490023**

इच्छुक छात्र आवेदन करें

फायर सेफ्टी के कोर्स

1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (ADIS)
6. पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (PDIS)

6 माह सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी



Advt.


## खबर संक्षेप

### कोर्स में श्रीरामचरित मानस को शामिल करने की मांग

**बेमेतरा।** वर्तमान समय पूरे छ ग प्रदेश में सुशासन का दौर चल रहा जिसमें जनता ने स्व हित एवं जनहित में अनेक मांग कर प्रशासन का ध्यानाकर्षण कराया है ऐसे में मा भद्रकाली जिला मानस संघ बेमेतरा के अध्यक्ष एवं मानस दर्शन के संयोजक देवलाल सिन्हा द्वारा धार्मिक एवं संस्कृतिक उत्थान हेतु बच्चों में धर्म के प्रति रुचि बढ़े जिससे आने वाला भविष्य उज्ज्वल हो इस हेतु समस्त विद्यालयों में गोस्वामी तुलसी दास द्वारा रचित श्री राम चरित मानस को विशेष पाठ्यक्रम में शामिल करने का मांग किया है जिसे धर्म एवं आध्यात्म से जुड़े संस्थाओं ने समर्थन किया है जिसमें मानस दर्शन जीवन अर्पण छ ग राज, मानस संघ छ ग ,श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान,राजीव लोचन मानस संघ, जिला मानस संघ दुर्ग रायपुर शामिल है

### समाधान शिविर हसदा और हाटराका में आज

**बेमेतरा।** सुशासन तिहारके अंतर्गत तीसरा चरण का समाधान शिविर आज 16 मई शुक्रवार को बेरला जनपद पंचायत एवं विधानसभा क्षेत्र बेमेतरा के ग्राम हसदा के ग्राम पंचायत भवन एवं जनपद पंचायत साजा के ग्राम पंचायत हाटराका के हाई स्कूल भवन में आयोजित होंगे। क्लस्टर हसदा सहित 14 ग्राम पंचायत जिसमे हसदा, बोरिया, चंण्डी, घटियाकला, मुडपार, सांकरा, बांसा, देवादा, अकोली, नेवनारा, पिरदा, ढाबा, कुम्ही, तिलई को शामिल किया गया है । इसी प्रकार ग्राम हाटराका में 11 ग्राम पंचायत जिसमे दर्री, करमु, हाडाहुली, खपरी, पेण्ड्रीकला, श्याम्पुरकांपा, हांटरांका, बरगा, चीचगांव, भनौरा, टेढ़ी शामिल है । समाधान शिविरों में अधिकारी समाधान पेटी में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी देंगे । साथ ही विभागीय योजनाओं की जानकारी भी देंगे ।

### चंडी धाम मंदिर जिर्णोद्धार की चर्चा हुई बैठक में

**थान-खमरिया।** ग्राम करमू में स्थित ऐतिहासिक चंडी धाम मंदिर के जिर्णोद्धार को लेकर ग्रामीणों की एक महत्त्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। काफी लंबे समय से मंदिर के जीर्णोद्धार की मांग की जा रही थी, किंतु इच्छाशक्ति की कमी के कारण यह कार्य ठहराव में था। अब ग्राम सरपंच लोकनाथ पटेल के नेतृत्व में इस पहल को नई दिशा मिली है। बैठक में मंदिर निर्माण हेतु श्रमदान, खर्च एवं सहयोग राशि जुटाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर गंभीर चर्चा की गई। ग्रामीणों ने एकमत होकर मंदिर निर्माण में हर संभव सहयोग देने का संकल्प लिया। आगामी निर्णय चंडी समिति के गठन एवं उसकी अगली बैठक के पश्चात लिया जाएगा, जिसमें कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जाएगा। चंडी धाम सिर्फ आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि ग्राम की सांस्कृतिक धरोहर है। इसके जीर्णोद्धार से ग्रामीण एकता और सांस्कृतिक चेतना को भी नया संबल मिलेगा। इस अवसर पर क्षेत्र के श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही

### कार में बैठकर हुक्का पीते पांच युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध रुप से हुक्का पीने की सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर पांच रईसजादों को गिरफ्तार किया है। युवकों के खिलाफ पुलिस ने धारा 21(2) कोटपा एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।

# सुशासन तिहार यानी हर समस्या का समाधान सुनिश्चित : दीपेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

■ शहर के माता भद्रकाली प्रांगण में सुशासन तिहार का हुआ आयोजन

नगर पालिका परिषद द्वारा सुशासन तिहार के अंतर्गत गुरुवार शहर के भद्रकाली मंदिर परिसर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया । यह शिविर वार्ड क्रमांक 15 से 21 तक के नागरिकों की समस्याओं और जनमांगों के प्राप्त 349 आवेदनों के समाधान के साथ अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गयी । शिविर मे मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक दीपेश साहू रहे ,अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में रजककार विकास बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद रजक, पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, उपाध्यक्ष अशोक शर्मा,राजेन्द्र शर्मा, मोंटी साहू, निशा चौबे पार्षद गौरव साहू, लक्की साहू, नीतू कोठारी आकिब मलकानी सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिक उपस्थित रहें रहें थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा की हमारी सरकार, मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में केवल बातें नहीं करती, बल्कि धरातल पर काम कर दिखाती है। 'सुशासन तिहार' इसी सोच का परिणाम है – यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि हर नागरिक तक सरकार की पहुँच और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का माध्यम है।"

विधायक दीपेश साहू ने अधिकारियो स्पष्ट निर्देश करते हुए कहा की कि हर अधिकारी ▸▸| शेष पेज 13 पर

## 349 आवेदनों का मौके पर किया गया निराकरण



### चक्कर से मिली मुक्ति

समाधान शिविर एक ऐसा मंच है जहाँ आमजन को सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, बल्कि शासन स्वयं उनके पास पहुँचता है। यह सरकार बोलने में नहीं, काम करके दिखाने में विश्वास रखती है। विधायक साहू ने कहा की कोई भी नागरिक अपनी समस्या को बेझिझक हमारे समक्ष रखें, हम उसे प्राथमिकता से हल करेंगे। उन्होंने अंत मे कहा हम माँ भद्रकाली मंदिर, तालाब और आसपास के क्षेत्र को संवारने के लिए भी विशेष योजनाएं बनाई जा रही हैं।"

## हादसा

### मौत और घायल होने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ

# डेहरी के घर में पति खून से लथपथ मिला और पत्नी गंभीर, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| देवकर

पुलिस चौकी क्षेत्र के समीपस्थ ग्राम डेहरी में घर के अंदर खून से लथपथ दो लोगों की मिलने की सूचना देवकर पुलिस को मिली मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि घर की एक महिला गंभीर रूप से घायल अवस्था में है तो वहीं पुरुष मृत अवस्था में था।

ग्रामीण के अनुसार घर के अंदर से रोने की आवाज सुनकर पड़ोसी की मदद से परिजनों की उपस्थिति में सामने एवं पीछे के दरवाजे को उखाड़ कर घर के अंदर किसी अनिष्ट घटना की आशंका से घुसा गया जहां पति एवं पत्नी खून से लथपथ अवस्था में पाई गई। जिसकी सूचना तत्काल परिजनों के द्वारा पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही देवकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीओपी बेरला विनय कुमार सहित टीम घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गई। गंभीर अवस्था में खूनी रंजिश के ▸▸| शेष पेज 13 पर





### हरिभूमि ने की जांच-पड़ताल

हरिभूमि की टीम घायल महिला के उपचार के दौरान दुर्ग जिला अस्पताल पहुंची जहां घायल महिला से घटना की जानकारी मिल सके इसका प्रयास किया गया पर मौके पर मौजूद नैरो सर्जन डॉक्टर ने गंभीर रूप से घायल महिला के बारे में बताया कि उक्त महिला के सिर में गंभीर चोट है वह अभी कुछ भी बता पानी में असमर्थ है उसका उपचार जारी है अभी अवस्था गंभीर है।

### मृतक का दुधमुंहा बच्चा

परिजनो से मिली जानकारी के अनुसार मृतक का 11माह का एक दुधमुंहा बच्चा भी है। मृतक पत्नी बच्चे सहित पांच सदस्यों के साथ उक्त घर में रहता था। घटना के समय घर में पति और पत्नी मौजूद थे। मृतक पास के ही बचेड़ी गांव में ईट भट्टे में काम करता था एवं वही तीन चार माह से मृतक काम में नहीं जा रहा था। ग्रामीणों के अनुसार मृतक परिवार सीधा-साधा व किसी से उनका झगड़ा झंझट नहीं था।

### दिमागी हालत ठीक नहीं थी

एसडीओपी बेरला विनय कुमार ने बताया कि मृतक की दिमागी हालत ठीक नहीं थी जिससे पति-पत्नी के बीच खूनी संघर्ष हुआ जिसमें पति की मौत हो गई। पत्नी का बयान लिया जाएगा एवं आगे इस मामले की फॉरेंसिक जांच भी होगी तभी मामले की तहतक पहुंचा जा सकता है।

### अस्पताल पहुंची महिला की मां ने बताया दर्द

घटना की सूचना जब घायल महिला के परिजनों को मिली तो उनकी मां एवं भाई परिवार सहित जिला अस्पताल पहुंचे जहां उनकी मां सोहागा भारती एवं भाई अजय कुमार भारती ने बताया कि उनकी बेटी व बहन से विगत कुछ सप्ताह भर पहले बात हुई थी जिसमें घायल महिला ने बताया था कि उनके पति की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है और कुछ भी अवस्था में कार्य करते हैं जिसको लेकर चिंता जाहिर की गई।

### जांच जारी है

प्रथम दृष्टिया जांच में पाया गया कि मृतक आशीष बंजारे की दिमाकी हालत सही नहीं थी। घटना की जांच फॉरेंसिक टीम को बुलाकर कराई जा रही है अभी जांच जारी है। - **विनय कुमार, एसडीओपी बेरला**

### दुर्ग किया रेफर

गंभीर अवस्था में पहुंची घायल महिला सुखवंती बंजारे का प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था को देखते हुए दुर्ग रेफर किया गया है। महिला के सिर पर काफी गंभीर चोटे है।

- **रचना अग्रवाल,** सर्जन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धमधा

# सोनपुरी हत्याकांड पर सर्व समाज उग्र, 20 को चौकी घेराव की चेतावनी दी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा/नवागढ़

■ न्याय के लिए एकजुट हुआ समाज, आरोपी के फरार होने पर आक्रोश

ग्राम सोनपुरी में हुई 11 वर्षीय नाबालिग बालिका की हत्या के मामले में जनआक्रोश बढ़ता जा रहा है। विगत 16 फरवरी को घटित इस दर्दनाक घटना में एक युवक ने दुष्कर्म की कोशिश के बाद बालिका की हत्या कर दी थी। पुलिस द्वारा आरोपी को हिरासत में लिया गया था, लेकिन वह अभिरक्षा से फरार हो गया। इस लापरवाही को लेकर समाज में गहरा रोष है। इसी विषय पर रविवार को ग्राम खेड़ा स्थित लोधी भवन में सर्व समाज की बैठक आयोजित की गई, जिसमें लोधी, यादव, साहू, सतनामी, वर्मा समेत विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 20 मई को चौकी खेड़ा का घेराव कर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

ईश्वर सिंह लोधी ने समाज के लोगों से आग्रह किया कि नाबालिग को न्याय दिलाने के लिए बड़ी संख्या में 20 मई को प्रदर्शन में शामिल हों। ग्राम सोनपुरी की ओर से तोप सिंह और पूर्व सरपंच रामअवतार वर्मा ने आंदोलन को पूर्ण सहयोग देने की घोषणा की। बैठक का संचालन मारो सर्किल अध्यक्ष चंद्रकुमार (बबलू) राजपूत ने किया। उन्होंने बताया कि इस आंदोलन की जिम्मेदारी प्रदेश लोधी समाज की ओर से जयप्रकाश लोधी (कवर्धा) को सौंपी गई है।

### प्रमुख उपस्थितजन

शशि प्रभा गायकवाड, सुशीला जोशी, देवादास चतुर्वेदी, विजय बघेल, हरीकिशन कुर्रे, जमुना प्रसाद वर्मा, सतीश मारकंडे, महेंद्र साहू, संतोष साहू, जनार्दन यादव, माधव सिंह लोधी, पोसगिल वर्मा, देव राज राजपूत, मधुबन सिंह लोधी, धीरपाल वर्मा, राजेंद्र वर्मा, लव कुमार, रूपेंद्र सिंह, मोहन वर्मा, आशीष सिंह राजपूत, भारत वर्मा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण और समाजजन मौजूद रहे।

**समाज की मांग :**

सर्व समाज की मांग है कि आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो और पीड़ित परिवार को न्याय मिले।

# जिले में मोर गांव-स्वच्छ गांव की थीम पर स्वच्छता सप्ताह 18 तक



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

■ विविध आयोजन कर जागरूकता का देंगे संदेश

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), भारत सरकार की एक प्रमुख पहल के अंतर्गत बेमेतरा जिले में 18 मई तक स्वच्छता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों को खुले में शौच मुक्त बनाए रखते हुए ओडीएफ प्लस की दिशा में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन को सशक्त करना है।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचंद अग्रवाल के मार्गदर्शन में संचालित हो रहा है। /"मोर गांव-स्वच्छ गांव/" की थीम पर आधारित इस सप्ताह के दौरान ग्रामीण स्तर पर प्रतिदिन स्वच्छता से जुड़ी विभिन्न जागरूकता गतिविधियां की जा रही हैं। स्वच्छाग्रहियों द्वारा गांवों में स्वच्छता संवाद आयोजित किए जा रहे हैं, हाट-बाजारों और चौक-चौराहों की साफ-सफाई की जा रही है, और घर-घर जाकर कचरा संग्रहण किया जा रहा है। साथ ही ग्रामीणों को व्यक्तिगत और सामूहिक स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी जा रही है। स्वच्छता दीदियों के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों में किशोरी बालिकाओं को मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है, जिससे वे स्वच्छ जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रेरित हों।

इसके अतिरिक्त, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत चल रहे कार्य स्थलों पर भी श्रमिकों को प्लास्टिक अपशिष्ट, ठोस अपशिष्ट (जिसमें पशु अपशिष्ट भी शामिल है), ग्रे वॉटर (घरेलू अपशिष्ट जल) और मल कीचड़ प्रबंधन के बारे में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहां उपस्थित ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई जा रही है। इस स्वच्छता सप्ताह के माध्यम से बेमेतरा जिले में स्वच्छता को जनांदोलन का रूप देने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में टिकाऊ स्वच्छता व्यवस्था स्थापित की जा सके।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर आज होंगे विविध जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

■ डेंगू को हराने का उपाय करें की थीम पर जिले में होंगे जनजागरूकता कार्यक्रम

डेंगू जैसे जानलेवा रोग की रोकथाम और जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आज 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाएगा। इस वर्ष राष्ट्रीय डेंगू दिवस की थीम है –देखे, साफ करें, ढकें - डेंगू को हराने का उपाय करें । कलेक्टर रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन मे बेमेतरा जिले में इसका आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय सहित समस्त शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यशंवत कुमार ध्रुव ने जानकारी दी कि डेंगू एक वायरल संक्रमण है, जो संक्रमित एडिस एजिप्टी मच्छर के काटने से फैलता है। यह मच्छर साफ और स्थिर पानी में पनपता है। डेंगू के प्रमुख लक्षणों में अचानक तेज बुखार, सिर दर्द, मांसपेशियों व जोड़ों में दर्द, उल्टी, आँखों के पीछे दर्द, आंतरिक रक्तस्त्राव, नाक और मसूड़ों से खून आना आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन लक्षणों के दिखने पर तत्काल जाँच कर उचित उपचार आवश्यक है, जो कि जिले के सभी सामुदायिक ▸▸| शेष पेज 13 पर

## एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में चैंपियनशिप का हुआ शुभारम्भ

# जूनियर शतरंज चैंपियनशिप में 150 खिलाड़ी खेलेंगे शह-मात की बाजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

■ शतरंज बौद्धिक, मानसिक एकाग्रता व धैर्य का खेल : रणवीर शर्मा





छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज द्वारा एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के सहयोग से 15 मई से 19 मई तक स्कूल में छत्तीसगढ़ स्टेट मिनी सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप का शुभारम्भ कलेक्टर रणवीर शर्मा के मुख्यआतिथ्य में किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के सीईओ विनीत राजोरिया एवं विशेष अतिथि के रूप में प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी उपस्थित थे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि जिलाधीश रणवीर शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर तथा शतरंज की चाल चलकर राज्य मिनी सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर शतरंज प्रेमी एवं शतरंज के खिलाड़ी रह चुके रणवीर शर्मा ने शतरंज को बौद्धिक मानसिक एकाग्रता व धैर्य का खेल बताते हुए भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए आयोजन के लिए प्रदेश शतरंज संघ एवं एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा की सराहना की। इस अवसर पर श्री रणवीर शर्मा ने नन्हे प्रतिभागी के साथ मैच खेलकर खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई की । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विनीत राजोरिया ने भी भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दी। विशेष अतिथि विनोद राठी ने आयोजन संबंधी जानकारी दी। सभी अतिथियों का स्वागत प्रदेश शतरंज संघ के पदाधिकारी एवं आयोजन समिति द्वारा किया गया।

उक्त चैंपियनशिप में अंडर 7,9, एवं अंडर 11 के दो बालक एवं दो बालिकाओं का चयन राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए किया जाएगा । यह सभी चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। चैंपियनशिप में उच्च स्तरीय सुविधाये खिलाड़ियों को प्रदान की जा रही है। दिनांक 15 एवं 16 मई को अंडर 7, 9, 11 आयु वर्ग में आयोजित स्पर्धा में छत्तीसगढ़ के 150 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे है जिसमें रायपुर दुर्ग, राजनांदगांव, बीजापुर, जगदलपुर, कोंडागांव, बेमेतरा, बिलासपुर, कोरबा, सरगुजा, कोरिया, मुंगेली, जांजगीरचांपा, कांकेर, महासमुंद, बलौदा बाजार जिले के शतरंज खिलाड़ी शामिल है। खिलाड़ियों के बीच अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुसार स्विस लीग पद्धति से सात चक्रों में मैच खेला जाएगा। स्पर्धा के मुख्य निर्णायक ▸▸| शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप



### 12 वीं मे बीएसपी स्कूलों के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**भिलाई।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024–25 के लिए अखिल भारतीय वरिष्ठ विद्यालय प्रमाणपत्र परीक्षा 12 वीं में इस्पात संयंत्र द्वारा संचालित विद्यालयों ने एक बार फिर अच्छा प्रदर्शन दर्ज किया है। अनेक विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में अनन्या अग्निहोत्री (90.4 प्रति.), नौशबा नाज़ (91.2 ), तनवीर अफ़सान, ओजस्वी साहू, सौम्या यादव, याशिका शर्मा, कुणाल देवांगन, कनिका देवांगन, के. शुभम रेड्डी, आराध्या साहू, पाखी सिंह, आर्यन प्रसाद, आचल ठाकुर तथा अनन्या घोष प्रमुख रूप से शामिल हैं।

### मकान की आलमारी से 60 हजार की चोरी

**भिलाई।** मकान के आलामारी से नगदी पार होने के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 35, 331 (3) के तहत जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि शिव शक्ति कालोनी केम्प 2 भिलाई निवासी जॉहरा जबी कपडा सिलाई का काम करती है। 12 मई की दोपहर से शाम 6 बजे के मध्य अज्ञात ने उनके घर के छत से मकान में प्रवेश किया। जहां के अलमारी का लॉकर तोडकर लेडिस पर्स में रखे नगदी 60 हजार रुपए पर्स सहित चोरी कर फरार हो गया। पीड़िता घर पर नहीं थी। जब लौटकर आई तो आलामरी चेक करने पर रुपए गायब होने की जानकारी हुई। घटना की शिकायत पुलिस में किया गया है।

### अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वालों पर कार्रवाई

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के जोन क्रंमांक 1 अंतर्गत वार्ड क्रं. 04 नेहरू नगर चौंक रोड किनारे संचालित विभिन्न व्यापारियों द्वारा रोड नाली के उपर अतिक्रमण कर व्यवसाय संचालन कर रहे थे। आज स्वास्थ्य विभाग एवं राजस्व विभाग की टीम जांच करने पहुंची। तो पाया गया कि दुकान संचालकों के पास अनुज्ञप्ति लाईसेंस नहीं रखा गया था एवं सिंगलयूज प्लास्टिक पर सामान डालकर ग्राहको को बेचा जा रहा था। दुकान से प्लास्टिक को जप्त किया गया और उन पर 54200 रूपये का चालानी कार्यवाही करते हुए रसीद प्रदान किया गया। प्रमुख दुकानें द ग्रीन दे पॉर्लर सेंटर 5000, रूंगटा सुपर डेंटल क्लिनिक 15000, मॉ लक्ष्मी कम्प्युटर 1000, पूजा गुप्ता पैथोलाजी लैब 5000, तीरथ सोनकर फल सेंटर 1500, प्रहलाद हेल्थ केयर 5000, किडस केडम कैफे रेस्टोरेंट 6000, चंदन डेली नीडस 1200, अंसारी आटो पॉटस 1000, महेश यादव डेली नीडस 1500, मॉ लक्ष्मी जलपान 1000, ढिल्लन चिकन सेंटर 2500, सूरज फल सेंटर 1000, देवांगन डेली नीडस 500, अन्ना नाश्ता सेंटर 500, बाबा फूड सेंटर 500, गुलशन खातून मटका सेंटर 500, अकबर ताला चाबी सेंटर 1000, धनेश्वर देवांगन इटली डोसा 1500, मोनिका फ्लावर सेंटर 1000, कमल गुमनाम रेडिमेंट 1500 एवं आशीष साहू फल ठेला से 500 इस प्रकार कुल 54200 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई।

# भिलाई इस्पात संयंत्र में जर्जर गैलरी और सड़कों से दुर्घटना का अंदेशा

## स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक ने ईडी से की जल्द मरम्मत की मांग, मिला आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक ने सुरक्षा की दृष्टि से बीएसपी के अंदर समस्याओं के निदान की मांग की है। साथ ही कैंटीन व रेस्ट रुम को भी ठीक किए जाने पर जोर दिया है। प्रबंधन ने आश्वस्त किया है।

कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार के साथ यूनियन की हुई बैठक में प्लांट में जर्जर गैलरी, बिल्डिंग व सड़कों के खराब होने से कर्मियो को खतरा बना रहता है। इसे रिपेयर करने की मांग की। रेस्ट रूम एवं कैंटीन की स्थिति सुधारने, बोरिया गेट पर टू व्हीलर के लिए सेड बनाने ब्लास्ट फर्नेस 8 के एमसीसी रूम को रिनोवेट करने, टीएंडडी में ऑपरेटर एवं संटिंग स्टाफ को वॉटर बॉटल देने मार्स 1 का वर्कशॉप सैड रिपेयर करने व मॉडल कैंटीन खोलने की मांग किया। ईडी ने महासचिव वंश बहादुर सिंह ने कहा कि प्लांट की कई गैलरियों की नियमित सफाई नहीं होने से जर्जर हो चुकी है जिसके कारण से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। रेस्टरूम एवं कैंटीन की स्थिति मे सुधार के साथ इस्पात भवन की तरह प्लांट में भी दो जगह कॉफी हाउस खोलने की मांग की।



### कर्मियों का जल्द करें प्रमोशन

ब्लास्ट फर्नेस 1 से ब्लास्ट फर्नेस 7 के बीच व आरईडी वर्क्स बिल्डिंग के सामने की रोड पर रेत पड़े होने से दुर्घटना रोकने इसे हटाने व कोक ओवन मे जर्जर पीबीसीसी बिल्डिंग मरम्मत करने पर जोर दिया। कार्यकारी अध्यक्ष पूरन वर्मा व एस रवि ने सीनियरिटी लिस्ट जारी नहीं होने के कारण कर्मचारियों का प्रमोशन के समस्या का निदान करने कहा। बैठक में उपाध्यक्ष अजय कुमार मार्टिन,सहित गिरिराज देशमुख, जी आर सुमन, धनेश प्रसाद रमाशंकर सिंह शिव शंकर सिंह, जी के अग्रवाल राजकुमार सचिव आरिफ मंजर विजय विश्वकर्मा रामजीत सिन्हा अनिल पारखे उपस्थित थे।

## पुत्र राजेंद की पंजाब को आतंकमुक्त करने तो अरुण ने भी देशरक्षा के साथ खेलों में दिया योगदान


# जिला का अनूठा फौजी परिवार, भारतीय सेना में तीसरी पीढ़ी दिखा रही पराक्रम

विमल शंकर झा ▶▶| भिलाई

आतंक का पर्याय बने नापाक पाक को अपने शौर्य से करारा सबक सिखाने वाली भारतीय सेना की पूरे देश दुनिया में जय जयकार हो रही है। यह हमारी फौज का पराक्रम ही है कि उसने दुश्मन देश को मात्र चार दिन में ही न सिर्फ घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया बल्कि सीजफायर के लिए तैयार होकर बड़ा दिल दिखाया। लोगों को यह जानकर गर्व होगा कि शांति और सदभाव का संदेश देने वाले लघुभारत भिलाई में एक ऐसा बहादुर परिवार है,जिसकी तीसरी पीढ़ी सेना में पराक्रम दिखा रही है। देशप्रेम के जज्बे से भरे गौरवान्वित परिवार के परिजन चाहते हैं कि बार बार भारत में आतंकी हमला कराने वाले पाकिस्तान को एक बार फिर भारत की ताकत का एहसास हो गया है। उसे पूरी तरह शक्तिहीन करना जरुरी है।

स्मृतिनगर स्थित ड्रीम होम कांलोनी के फौजी परिवार ने भारत -पाकिस्तान के बीच हुए पांच युद्धों में मां भारती के मस्तक को ऊंचा किया है। प्रतिष्ठित सिसौदिया परिवार के एक नहीं बल्कि चार सदस्य फौज में रहे हैं। वर्तमान में तीसरी पीढ़ी का पाक के पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना के चार दिनी एयर स्ट्राइक में योगदान रहा है। देशप्रेम और साहस की मिसाल इस गौरवशाली परिवार के मुखिया 86 वर्षीय जयनाराण सिंह सिसौदिया रिटायर फौजी हैं। उनके दो पुत्र राजेंद्र सिंह व अरुण कुमार सिंह सिसौदिया भी वर्षों फौज में रहे और अरुण सिसौदिया के सुपुत्र वर्तमान में अभिषेक सिंह वायु सेना नासिक में कार्यरत हैं। दोनों बहादुर बेटों सहित तीसरी पीढ़ी अभिषेक को देश की रक्षा के लिए फौज में जाने की प्रेरणा अपने पिता से मिली। देशभक्ति से भरा यह प्रदेश ही नही, शहर का वह अनोखा फौजी परिवार है, जिसे भारत पाक के बीच अब तक हुए चारों युद्धों में असीम पराक्रम से विजयी योगदान देने का फक्र है। और आज भी देशभक्ति के जज्बे से भरा हुआ है। यूपी मऊ सर्वागोदाम निवासी रिटायर फौजी जयनारायण सिंह ने बांसठ में भारत चीन युद्ध खत्म होते ही एएससीसी ( आर्मी सर्विस कोर) इलाहाबाद में आर्मी ज्वाइन कर बैंगलोर, गोरखपुर व लेह आदि में 28 साल तक देश की रक्षा की। बताते हैं कि 65 में भारत पाक के युद्ध में उनकी ड्यूटी शिमला और 71 के बांग्ला देश का निर्माण कराने वाले ऐतिहासिक युद्ध व विजयी कारगिल वार लेह में थी। फौजी परिवार की देश रक्षा की विरासत को हमारे दोनों पुत्रों के भी रिटायर होने के बाद अब तीसरी पीढ़ी एयरफोर्स में जौहर दिखा रही है।

### पिता जय नारायण ने 65, 71 व 98 के कारगिल युद्ध में दिखाया शौर्य







### सिसौदिया परिवार का अपूर्व योगदान, अभिषेक भी एयरफोर्स में

ड्रीम होम निवासी रिटायर फौजी 86 वर्षीय श्री सिंह के बड़े पुत्र राजेंद्र और अरुण सिसौदिया को भी वर्षों सेना में देश की रक्षा करने का गर्व है। सेवानिवृत्ति बाद भिलाई के निजी कालेज मे प्रशासनिक अधिकारी राजेंद्र सिंह एफएसएनएल यूनियन के अध्यक्ष व कांग्रेस नेता अरुण सिसौदिया सेना में ( ईएमई) इलेक्ट्रानिक्स एंड मैकेनिकल इंजीनियरिंग) कोर 20 साल से अधिक देश रक्षा में योगदान दिया। रडार इंजीनियर रहे राजेंद्र सिंह बताते हैं कि 1988 में गुरुदासपुर पंजाब बार्डर में ज्वाइनिंग बाद आतंक से जूझ रहे पंजाब में आतंकियों के सफाये के लिए डीजीपी केपीएस गिल के चैलेंजिंग आपरेशन रक्षक (1991,92) को सफल करने में हमारी ईएमई की अहम भूमिका रही। बीएसएफ से बच निकलने वाले आतंकियों को रोकना हमारा काम था। हम आर्मी में रडार, टैंक व एयर डिफेंस सिस्टम को इंजीनियरिंग सपोर्ट देते थे। 96 में मेडिकल ग्राउंड पर रिटायर श्री सिंह बताते हैं कि हमारी सेना ने पाक को करारा जवाब दिया है। हमें आतंक की फैक्ट्री पीओके मिल जाए तो दुनिया से आतंक का सफाया हो जाएगा।1987 में ईएमसी सेंटर भोपाल में नियुक्ति बाद छोटे भाई अरुण कुमार सिसौदिया गुजरात, नासिक, देवलाली शौर्य दिखाने के साथ सेना की टीम से बतौर वालीबांल व बास्केट बांल खिलाड़ी कई नेशनल मैच भी जिताए। वीआर लेने के बाद बाद एफएसएनएल में सेवां दीं और एफएसएनएल यूनियन प्रांतीय अध्यक्ष व कांग्रेस के एआईसीसी मेंबर श्री सिसौदिया बताते हैं कि जिस बोफोर्स में राजीव को बदनाम किया उसी माडिफाइव बोफोर्स ने सेना के शौर्य से कारगिल युद्ध जिताया। अब आगे हमारा टार्गेट पीओके फतह होना चाहिए। अब एयरफोर्स आफिसर के रुप में बहादुर बेटा अभिषेक हमारी परंपरा को गौरवान्वित कर रहे हैं।

# लोगों ने कहा- हम सब पानी डालेंगे, तब अधूरी सड़क शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ जोन तीन मदरटेरेसा नगर का मामला

नगर निगम भिलाई के जोन क्रमांक 03 मदर टेरेसा नगर वार्ड क्रमांक 31 में शिकायत मिली थी कि सड़क सीमेंटीकरण का कार्य चल रहा था। ठेकेदार द्वारा बीच में निर्माण को रोक दिया गया है। राप्त शिकायत का अवलोकन करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय जोन आयुक्त सतीश यादव के साथ मदर टैरेसा नगर वार्ड क्रमांक 31 में गए, वहां पूर्व निर्मित सीमेंटीकरण सड़क का अवलोकन किए। वहां उपस्थित लोगों की समस्याओं को सुना। सबका यही मांग था कि बची हुई सड़क का भी सीमेंटीकरण कर दिया जाए। जब उन्हे बताया गया कि पानी के तराई की समस्या के कारण ही सड़क के काम को अभी रोका गया है। तब स्थानीय नागरिकों ने एक स्वर में कहा बची हुई सड़क का निर्माण करा दीजिये। हम लोग जिम्मेदारी लेते हैं, अपने घर के सामने बनी सड़क पर पानी डालेगें। जब सड़क हमारे लिए बन रहा है तो पानी डालने का दायित्व भी हमारा है। यह आश्वासन मिलते ही आयुक्त ने जोन आयुक्त को तत्काल बचे हुए सड़क को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### मानसून के मद्देनजर दिया था आदेश

नगर निगम भिलाई द्वारा पूर्व में आदेश जारी किया गया था कि भीषण गर्मी को देखते हुए 15 जून मानसून आने तक अभी सड़कों का सीमेंटीकरण नहीं होगा। क्योंकि सड़क सीमेंटीकरण के लिए पर्याप्त पानी के तराई की आवश्यकता होती है, तराई नहीं हो पाने से सड़क की मजबूती कम हो जाती है और बीच-बीच से क्रेक भी हो जाती है। उपअभियंता शंकर सुमन मरकाम को निर्देशित किए कि निर्माणाधीन सड़क के गुणवत्ता में किसी प्रकार का कमी नहीं होना चाहिए। यदि कोई कमी है तो संबंधित ठेकेदार को नोटिस दिया जाए। यदि उसके द्वारा काम में लापरवाही किया जा रहा है तो कार्य को निगम मद से करावाकर संबंधित ठेकेदार से राशि की कटौती कर दिया जाए।

# वैशाली नगर में सुशासन तिहार का दरबार, 500 से ज्यादा आवेदन लिए गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ वैशालीनगर विधायक रिकेश शिविर में हुए शामिल

शहर में सुशासन तिहार का दरबार वैशालीनगर स्थित लोकांगन में लगा, जहां वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने लोगों को आवेदन के किए गए समाधान की जानकारी दी। इस दौरान सरकारी विभागों के डेढ़ सौ से ज्यादा अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर में विभिन्न समस्याओं के लगभग 5 सौ आवेदन जमा हुए। शिविर में पहुंचे वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि शासकीय विभागों में लोगों को अपनी समस्याएं लेकर न भटकना पड़े इसलिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी विभागों को शिविर में एकत्र कर क्षेत्रवासियों की समस्याएं जानने और उनके शीघ्र निराकरण के लिए सुशासन तिहार प्रारंभ किया है। आने वाले आवेदनों का तत्काल समाधान का प्रयास शिविर में मौजूद अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने महतारी वंदन का पिटारा खोल दिया है। ऐसी महिलाएं शिविर में पहुंच कर महतारी वंदन योजना का फार्म महिला एवं बाल विकास काउंटर पर भर रही हैं। शिविर में एक व्यक्ति ने आवेदन के माध्यम से अवगत कराया कि सुपेला में रहने वाला एक दल कश्मीर गया हुआ था। वहां पर जमात में शामिल एक युवक को लकवा का अटैक आ गया। पीड़ित के छोटे भाई ने आवेदन देकर श्रीनगर से दिल्ली लाने एयर टिकट की व्यवस्था के लिए अर्जी लगाई। श्रीनगर से एंबुलेंस से दिल्ली लाने पर लगभग 25 हजार का खर्च आ रहा है, जो कि इस परिवार के लिए संभव नहीं। रिकेश सेन ने तत्काल कलेक्टर और सीएम विष्णुदेव साय से बात कर दिल्ली आने का एयर फेयर का इंतजाम कराया।

# अहेरी चौक के पास पकड़े गए चार संदिग्ध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दो युवक और दो युवती के खिलाफ धारा 170/126,135 (3) बीएनएसएस के तहत जुर्म दर्ज किया है एएसपी पदमश्री तंवर ने बताया कि ग्राम अहेरी चौक के पास स्थित मकान में अवैध क्रियाकलाप की सूचना पर नंदिनी पुलिस दबिश देने पहुंची। इस दौरान ओम प्रकाश पटेल, बलीराम वर्मा, हेमलता चेलक, धनेश्वरी सेन को पकड़ा गया। उक्त युवक युवतियों द्वारा अपने कल्याण कालेज अहेरी स्थित किराये के मकान में अवैध क्रियाकलाप किया जाना पाया गया। गिरफ्तार कर न्यायालय भिलाई तीन में पेश किया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक देह व्यापार के संदेह पर आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। आरापियों से पूछताछ की जा रही है। उधर इस घटना के बाद आरोपियों के समर्थन में कुछ लोग थाने भी पहुंच गए थे।

# ठेका मजदूरों को किया जागरुक



■ संयंत्र स्तरीय सुरक्षा जागरूकता क्विज़ प्रतियोगिता

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में द्वारा ठेका मजदूरों के लिए सुरक्षा जागरूकता क्विज़' प्रतियोगिता का आयोजन स्टील ज़ोन, आयरन ज़ोन, मिल्स ज़ोन तथा मिसलेनियस ज़ोन सहित संयंत्र के पाँचों ज़ोन में किया जा रहा है। प्रतियोगिता की प्रारंभिक स्तर पर शांप तथा विभागीय स्तर पर क्विज़ प्रतियोगिता हुई। इंट्रा–ज़ोनल क्विज़ के प्रारंभिक स्तर पर संबंधित विभागों से चयनितदो सदस्यों की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को 50 अंकों की लिखित परीक्षा व मौखिक प्रश्न हुए। 21 मई को आयोजित होने वाली इंटर–ज़ोनल संयंत्र स्तरीय फाइनल प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा करेंगी।स्टील ज़ोन से 15 टीमों एवं मिसलेनियस ज़ोन से 20 टीमों ने इंट्रा–ज़ोनल चरण में भाग लिया। स्टील ज़ोन एवं मिसलेनियस ज़ोन की इंट्रा–ज़ोनल प्रतियोगिताएं 13 मई को आयोजित की गईं। स्टील ज़ोन की क्विज़ का आयोजन एसएमएस–2 कान्फ्रेंस हाल में हुआ।

### यह रहे विजेता

स्टील ज़ोन की प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि सीजीएम प्रभारी तापस दासगुप्ता व विशिष्ठ अतिथि सुशांत कुमार घोषाल थे। विशिष्ट अतिथि जीएम राजीव पांडेय व सीजीएम देबदत्त सतपथी व पुष्पा एम्ब्रोज़ थे।स्टील ज़ोन के इंट्रा–ज़ोनल राउंड में प्रथम आरईडी क्षेत्र की टीम मेसर्स आरएचआई के शिवकरण सिंह एवं मेसर्स स्नेहा कंस्ट्रक्शन के पुष्कर साहू को प्राप्त हुआ। द्वितीय स्थान एमआरडी विभाग की टीम मेसर्स बलवंत के श्री सुनील वर्मा एवं श्री ओमप्रकाश हरमुख ने प्राप्त किया।।

## नगर निगम भिलाई की कार्रवाई की तैयारी, जमा नहीं करने पर वसूलेगा 5 प्रतिशत अधिभार

# 250 छोटे उद्योगों ने नहीं चुकाया सीमा कर, दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई निगम क्षेत्र के तीन जोन में छोटे, मंझोले और बड़े उद्योग धंधे संचालित हो रहे हैं। उद्योगों द्वारा यहां से दीगर स्थानों में माल का निर्यात किया जा रहा है। उसके बाद भी कई उद्योग निगम को माल निर्यात पर सीमा कर नहीं दे रहे हैं।

निगम की सामान्य सभा में आय बढ़ाने के लिए निर्यात सीमा शुल्क लेने का प्रावधान किया गया है। इस शुल्क को नहीं पटाने वाले उद्योगों का चिहांकन कर निगम नोटिस जारी कर रहा है। ऐसे 250 संस्थानों को निगम ने नोटिस थमाया है।

### इस नियम के तहत लेना है शुल्क

छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 132(2) के अधीन बनाए गये छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम सीमा से निर्यात किए गए माल पर सीमा कर निर्धारण एवं संग्रहण नियम 1996 के अधीन सीमा कर की राशि निगम कोष में जमा करना होता है। जो भी उद्योग या संस्था यहां पर निर्मित सामग्री का विक्रय सड़क के माध्यम से अन्य स्थानों के लिए करता है। तो उसे नियमानुसार निर्यात कर संबंधित निकाय क्षेत्र में जमा करना होता है।



### इन सामानों पर ये टैक्स तय

निगम ने सामनों का शुल्क तय किया है। अनाज/कृषि/कपड़े/लोहा पर 0.10 प्रतिशत, बिल्डिंग मटेरियल/हार्डवेयर पर 0.20 प्रतिशत, फल/साबुन/सोडा/फर्नीचर पर 0.25 प्रतिशत, मसाले/इलेक्ट्रानिक/मोटर वाहन सामग्री/इमारती लकड़ी पर 0.50 प्रतिशत एवं शराब/बियर/अफीम पर 1.00 प्रतिशत निर्यात कर के रूप में निगम कोष में जमा किया जाना होता है।

### बीएसपी सहित ये उद्योग दे रहे शुल्क

निगम के मुताबिक वर्तमान में कुछ संस्थाओं द्वारा निर्यात कर की राशि जमा की जा रही है। जो इस प्रकार से है भिलाई इस्पात संयंत्र (सेल), भिलाई स्टील अथार्टी ऑफ इंडिया लिमिटेड, स्टील अथार्टी ऑफ इंडिया सेल रिफेक्ट्री यूनिट भिलाई, जे.पी. सीमेंट लिमिटेड भिलाई, अतुल ऑक्सीजन कंपनी 28 ए एण्ड्रस्टियल एरिया भिलाई, अतुल आक्सीजन कंपनी 28 बी एण्ड्रस्टियल एरिया भिलाई, अतुल क्रायोगेसिस गैस भिलाई, भिलाई सीमेंट पाईप मेन्चुरी, एन वायरर्स प्राईवेट लिमिटेड 20 लाईट एण्ड एरिया, बी. के. कास्टिंग लिमिटेड वोस्लो प्लांट, बी. के. इंजीनियरिंग कार्पोरेशन 45/47, सिम्पलेक्स इंजीनियरिंग फाउण्ड्री वर्कस, सिम्पलेक्स कास्टिंग लिमिटेड, विश्वा इंजीनियरिंग प्राईवेट लिमिटेड आदि द्वारा जमा किया जा रहा है।

### नोटिस का जवाब नहीं दे रहे उद्योग

निगम भिलाई द्वारा ऐसे सभी संस्थाओं को जिनके द्वारा सामग्री निर्यात की जा रही है। उनको नोटिस दिया गया था, जिसका जवाब उनके द्वारा वास्तविक रूप से नहीं दिया गया है। जबकि आयकर विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार संस्थाओं द्वारा अपने संस्था से निर्मित उत्पाद को भिलाई सीमा क्षेत्र से बाहर भेजा जा रहा है। सभी संस्थाओं को नगर निगम अधिनियम 1996 के अधीन सीमा कर की राशि 15 दिवस के भीतर निगम कोष में जमा करने का अंतिम नोटिस दिया गया है।

### लगेगा 5 प्रतिशत अधिभार

निगम आयुक्त राजेश कुमारपांडेय ने बताया कि जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र, जी.एस.टी. विभाग, पर्यावरण संरक्षण विभाग एवं कार्यालयीन जानकारी अनुसार नगर निगम भिलाई को देय सीमा कर की राशि तथा 5 प्रतिशत अधिभार की नियमानुसार गणना की जावेगी। उसके पश्चात संस्था की चल/अचल संपत्तियों की कुर्की एवं नीलामी की कार्यवाही करते हुए सीमा कर वसूली की कार्यवाही की जावेगी। इसके नोडल अधिकारी कार्यपालन अभियंता आर.एस.राजपूत को बनाया गया है। उनके अधिनस्थ जोन के प्रभारी राजस्व अधिकारी अपने दल के साथ संस्थाओं में जाकर नोटिस तामिल करवा रहे है।

# 16वीं राज्य स्तरीय स्पर्धा में 27 स्वर्ण 20 रजत व 11 कांस्य पदक जीतकर चैम्पियनशिप पर किया कब्जा

■ कान फुल कॉन्टेक्ट कराते के खिलाड़ी में मिले सांसद विजय

**भिलाई।** 16वीं राज्य स्तरीय वुशू मार्शल आर्ट्स प्रतियोगिता में 27 स्वर्ण, 20 रजत व 11 कांस्य पदक सहित कुल 58 पदक जीतकर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर चैम्पियनशिप पर अपना कब्जा किया। इस प्रतियोगिता में पुरे राज्य से 300 खिलाड़ी पहुंचे थे।

दुर्ग जिले के फुल कॉन्टेक्ट कराते की टीम सबसे बड़ी टीम थी।कारा - कु - जु - बो- काई - कान फुल कॉन्टेक्ट कराते के खिलाड़ी संस्था के डायरेक्टर सेन्साई गिरीराव के नेतृत्व में दुर्ग जिले के सांसद विजय बघेल से मिलने पहुंचे, जहां सांसद ने सभी को बधाई देते हुए आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया। ये सभी विजयी खिलाड़ी सेन्ट पालोटी इंटरनेशनल स्कूल में 3 से 7 मई तक आयोजित 16वीं राज्य स्तरीय वुशू मार्शल आर्ट्स प्रतियोगिता प्रथम स्थान प्राप्त कर चैम्पियनशिप में विजेता बने। इस प्रतियोगिता में तकनीकी व निर्णायक, टीम मैनेजर व कोच के रूप में भरत साहू, आरती साहू, सुभाष सोनी, लक्ष्मी तिवारी व मनोज नेताम थे। सीनियर ब्लैक बेल्ट अरविंद चन्देल, दीपक गुप्ता, जे पी राजू, रामकुमार पांडे, गांधी सोनी, श्रवण साहू का विशेष सहयोग रहा।

# नाके में जांच का काम छोड़ दफ्तर में बाबूगीरी कर रहे विभाग के सिपाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में खनिज विभाग द्वारा अवैध खनन व परिवहन पर नजर रखने तीन जांच नाका बनाया गया है। इस नाके में सिपाहियों को सेवा देनी है। लेकिन नाके में पदस्थ सिपाही विभाग में बैठकर बाबूगिरी का काम कर रहे हैं। पात्रता नही होने के बाद भी इन्हें बाबू की कुर्सी में बैठाकर कार्य कराया जा रहा हैं। जबकि इधर जांच नाके में कार्यवाही का कार्य भगवान भरोसे चल रहा हैं।

जानकारी अनुसार खनिज विभाग में पहले ही अमले की कमी हैं, जिसके चलते अवैध खनन व परिवहन पर कार्यवाही कमजोर है। इसके बाद भी सिपाहियों को मुख्यालय में में बाबूगिरी का कार्य कराया जा रहा है। खनिज विभाग द्वारा जिले में सेलूद, पथरिया और गुढियारी में जांच नाका बनाया गया है। इन सिपाहियों की ड्यूटी यहां होनी चाहिए। लेकिन विभाग के अधिकारी ने इन्हें टंकण ओर बडी बात लेखा, पंजी संधारित करने जैसे कार्य कराए जा रहे है। विभाग द्वारा किए गए कार्य विभाजन मं रेखा सोनी, सिपाही और मनीष सेन सिपाही को नाके में भेजने के बाद दफ्तर में कार्य कराया जा रहा हैं। यही नही खनिज विभाग में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों से रायल्टी से संबंधित कार्य कराए जाने की शिकायत भी कलेक्टर से हुई हैं। इसके बाद भी खनिज अधिकारी द्वारा सिपाहियों को मलाईदार पोस्ट देकर दफ्तर में अटैच कर रखा गया है। जबकि यहां नाके में बेधडक अवैध खनन और परिवहन के कार्य हो रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि, रायल्टी पर्ची कांटने की लडाई भी इन दिनों विभाग के अंदर जमकर होने लगी है। दो महिला कर्मचारियों में इसे लेकर विवाद भी गरम हैं। जिसमें एक महिला कर्मचारी ने कलेक्टर से शिकायत की थी।

## अवैध खनन पर लगाम नहीं, जिलेभर में धड़ल्ले से चल रहा कारोबार

### विभाग में दलालों का कब्जा, शिकायत

खनिज विभाग में सहायक ग्रेड दो में पदस्थ महिला कर्मचारी ने विगत दिनों अफसरों पर प्रताडना का आरोप लगाया था और लिखित शिकायत कलेक्टर से की थी। जिसमें लिपिक के कार्यो को चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों से कराए जाने की शिकायत की थी। लिखा गया कि, अधिकारियों द्वारा मनमाने ढंग से कार्य कराने, दलालों को संरक्षण देने एवं चतुर्थ श्रेणी कर्ममचारी एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा अपने स्वार्थ के चलते कार्य कराने की बाते कही गई हैं। नंदिनी शेण्डे, सहायक ग्रेड-2 लिखा है कि, मेरे द्वारा दलालो का विरोध करने, रोकने पर मेरे विभाग के कुछ कर्मचारियों एवं दलालो के षडयंत्रकारी प्रभाव से अधिकारी द्वारा मेरे कार्य में परिवर्तन कर गलत तरीके से कार्य विभाजन कर मेरा कार्य मेरी




### जरूरत के आधार पर

विभाग में सिपाहियों को जरूरत के आधार पर कार्य कराया जा रहा हैं। कार्य विभाग की जानकारी सूचना के अधिकार से मिल जाएगी। दलालों को विभाग में प्रवेश नही दिया जाता है। **-दीपक मिश्रा,** खनिज अधिकारी दुर्ग

### इस तरह किया गया कार्य विभाजन

खनिज अधिकारी दीपक मिश्रा द्वारा आठ कर्मचारियो के बीच कार्य विभाजन किया गया है। जिसमें उन्होने जानसिंह पैकरा मानचित्रकार खदानों की मानचित्र तैयार करने व नक्शा खसरा से संबंधित कार्य दिए गए है। इसी तरह सहायक ग्रेड दो नंदिनी शेंडे को पाटन तहसील में गौण खनिज व चूना पत्थर की नस्तियां संधारित करना, आवेदनों पर खदान आबंटित करने जैसे कार्य दिए गए है। इसी तरह सहायक ग्रेड दो रचना यादव, हेमेश्वरी चंद्राकर सहायक ग्रेड तीन व कम्प्यूटर आपरेटर कम प्रोग्रामिंग असिस्टेंट भूषण लाल साहू व दो सिपाही जिसमें रेखा सोनी और मनीष सेन को भी नाके के बजाय दफ्तर का कार्य कराया जा रहा हैं।

## खबर संक्षेप

### केन्द्रीय जेल में विधिक जागरुकता शिविर

**दुर्ग।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग द्वारा केन्द्रीय जेल दुर्ग का निरीक्षण कर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जेल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जेल में निरुद्ध बंदियों को प्रभावी और कुशल विधिक सहायता प्रदान करना तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। बंदियों को उनके अधिकारों की जानकारी प्रदान कर कहा गया कि आपका यह अधिकार है कि आप अपने केस की स्थिति जानें। निःशुल्क विधिक सहायता की सुविधा पर जोर देते हुए बताया गया कि पैनल लॉयर और लीगल एड डिफेंस काउंसिल निःशुल्क प्रकरण की पैरवी करते हैं। सचिव ने लीगल एड डिफेंस काउंसिल की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे लीगल एड लॉयर के काम पर भरोसा रखें क्योंकि उनके कार्यों की मासिक समीक्षा की जाती है। कार्यक्रम में जेल अधीक्षक मनीष सम्भाकर, लॉयर सौरभ सेन्द्रे आदि मौजूद थे।

### सामान्य प्रशासन स्थायी समिति की बैठक कल

**दुर्ग।** जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन स्थायी समिति की बैठक 16 मई को अपरान्ह 3 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### निरंकारी बाबा हरदेव सिंह मानवता के मसीहा उनके समर्पण दिवस पर किया सेवा कार्य

**भिलाई।** निरंकारी बाबा हरदेव सिंह महाराज का निर्वाण दिवस निरंकारी जगत में समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया। समर्पण दिवस पर सत्संग का आयोजन सेक्टर 8 स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में किया गया। ब्रांच संयोजक सतपाल सैनी ने संगत को संबोधित करते हुए कहा कि निरंकारी बाबा हरदेव सिंह मानवता के मसीहा थे। बिना थके वो मानवता के लिए संसार मे प्यार बरसाया और मानवता के समर्पित जीवन जीने का ढंग सीखाया। श्री सैनी बताया कि गुरसिख हमेशा गुरु को आगे रखता है। गुरसिख को फल की इच्छा नही होती वो निरंतर कर्म करते है। सत्संग में जामुल प्रमुख पंचराम साहू ने भी अपने विचारों में बाबा हरदेव सिंह महाराज को एक मसीहा प्यार का बताया।

## बदलाव : रजिस्ट्री की प्रक्रिया को सरल बनाने दस बड़े बदलाव से मिलेगी राहत

# भुईया से नकल और वाट्सएप से मिल जाएगी रजिस्ट्री की कॉपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

अलग खबर

राज्य शासन द्वारा जमीन की खरीदी-बिक्री के बाद होने वाले रजिस्ट्री की प्रक्रिया में दस बढे बदलाव कर आम लोगों को बढी सहुलियत दी है। आने वालों दिनों में आम लोगों को रजिस्ट्री कराने न तो पटवाररियों के चक्कर कांटने पडेंगे और न ही रजिस्ट्री के बाद हार्डकापी लेने विभाग के दरवाजे जाना पडेगा। बल्कि रजिस्ट्री के बाद वाट्सअप के जरिए रजिस्ट्री कापी भेज दी जाएगी, यहीं नहीं रजिस्ट्री के पहले पटवारी से मिलने वाले नकल के लिए भी चक्कर नही लगाना पडेगा, बल्कि पटवारियों से डिजिटल सिग्नेचर कराने के बाद भुईंया साफ्टवेयर से नकल मिल जाएगा।

उल्लेखनीय है कि, राज्य शासन द्वारा रजिस्ट्री की प्रक्रिया को सरल बनाने लगातार कई नए बदलाव अब तक किए गए है। बदलाव के इस क्रम करीब दस नई प्रक्रिया उभरकर सामने आई है। नागरिकों की सहूलियत के लिए रजिस्ट्री विभाग में एक नया प्रयोग किया जा रहा है। रजिस्ट्री के बाद अब तहसील कार्यालय का चक्कर काटने की जरूरी नहीं पड़ेगी, बल्कि सीधे रजिस्ट्री की गई जमीन का नामांतरण हो जाएगा। पंजीयन विभाग में आम जनता की सुविधा और पारदर्शिता के उद्देश्य से 10 बड़े बदलाव किये जा रहे हैं। इनमें होम विजिट के माध्यम से पंजीयन, तत्काल अपॉइंटमेंट की व्यवस्था, पारिवारिक दान व हक त्याग में पंजीयन शुल्क मात्र 500 रुपए तय किया गया है। रजिस्ट्री विभाग के काम काज में कई बड़े बदलाव करने का निर्णय लिया गया है।

## राज्य शासन ने रजिस्ट्री में किए 10 बड़े बदलाव से पक्षकारों को मिलेगी राहत

### जल्द शुरू होगा आटोमेटिक नामांतरण

छग में नया रायपुर, आरंग सहित बिलासपुर में यह सुविधा दी गई है। जल्द ही दुर्ग जिले में भी आटोमैटिक नामांतरण शुरू हो जाएगी। छत्तीसगढ़ के पंजीयन विभाग में तीन मई से आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु एवं हरियाणा की तर्ज पर काम काज शुरू हो गया हैं। बहरहाल राज्य शासन द्वारा नामांतरण की प्रक्रिया को लेकर जिला प्रशासन को प्रचार प्रसार किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।



### मिलेगी सुविधा

राज्य शासन ने रजिस्ट्री में दस बढे बदलाव किए है। जल्द ही आटोमैटिक नामांतरण की सुविधा भी दुर्ग में शुरू होगी। पूरी तरह से अब डिजिटल सुविधा प्राप्त होगी।
**-प्रियंका श्रीरंगे,** जिला पंजीयक दुर्ग

### इन दस बड़े बदलाव से मिलेगी राहत

**1) बदलाव में सबसे :** पहले क्रेता-विक्रेता की पहचान सीधे आधार नंबर और बायोमैट्रिक के माध्यम से की जाएगी, जिससे फर्जी रजिस्ट्री की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा। क्योकि ऋण पुस्तिका में भी आधार नंबर जोड दिए गए है।

**2. विवादित जमीन पहले ही दर्ज होगा :** खसरा नंबर दर्ज कर संपति की पूर्व रजिस्ट्री की जानकारी देखी जा सकती है और रजिस्ट्री दस्तावेज डाउनलोड किए जा सकते हैं। इससे क्रेताओं को विवादित या बंधक ज़मीन की जानकारी पहले ही प्राप्त हो जाएगी।

**3. ऑनलाइन एनओसी भी मिल जाएगी:** संपति पर ऋण, बंधक या पूर्व विक्रय की स्थिति अब ऑनलाइन भारमुक्त प्रमाण पत्र के माध्यम से आसानी से ज्ञात की जा सकती है। कई शासकीय कार्यों एवं बैंक से लोन प्राप्त करने के लिए यह प्रमाण पत्र (एनओसी) अनिवार्य होता है।

**4. स्टाम्प एवं रजिस्ट्री शुल्कों का कैशलेस भुगतान :** स्टाम्प शुल्क और पंजीयन शुल्क का एक साथ यूपीआई, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग आदि से कैशलेस रूप में भुगतान किया जा सकता है। पहले दोनों का भुगतान अलग-अलग स्थान पर नकदी में किया जाता था।

**5. व्हॉट्सएप से मिल जाएगी रजिस्ट्री कापी :** रजिस्ट्री के लिए स्लॉट बुकिंग, दस्तावेज़ की स्थिति, पंजीयन पूर्ण होने की सूचना एवं रजिस्ट्री की प्रति व्हाट्सएप के माध्यम से स्वतः प्राप्त होगी। साथ ही व्हाट्सएप के माध्यम से रजिस्ट्री से संबंधित शिकायतें एवं फीडबैक भी दिया जा सकेगा।

**6. डिजीलॉकर सेवायें:** पंजीकृत दस्तावेज अब डिजीलॉकर में डिजिटल रूप में संरक्षित रहेंगे, जिन्हें आवश्यकता अनुसार कभी भी डाउनलोड किया जा सकेगा।

**7. रजिस्ट्री दस्तावेजों का स्वतः** निर्माण पक्षकार द्वारा जानकारी भरने के पश्चात रजिस्ट्री दस्तावेज स्वतः जनरेट होगा एवं उप पंजीयक को डिजिटल रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।

**8. घर बैठे स्टाम्प सहित दस्तावेज़ निर्माण:** डिजीडॉक सेवा के माध्यम से किरायानामा, शपथ पत्र, अनुबंध जैसे गैर-पंजीकृत दस्तावेज़ अब घर बैठे डिजिटल स्टाम्प के साथ ऑनलाइन तैयार किए जा सकते हैं।

**9. घर बैठे रजिस्ट्री की मिलेगी सुविधा:** दस्तावेज निर्माण, स्टाम्प भुगतान और रजिस्ट्री प्रक्रिया अब पूरी तरह ऑनलाइन होकर घर से ही पूर्ण की जा सकती है। अभी यह सेवा 10 प्रकार के दस्तावेजों जैसे-रेंट एग्रीमेंट, मोर्गेज डीड आदि में शुरू की गई है।

**10. रजिस्ट्री के साथ स्वतः नामांतरण:** राज्य शासन द्वारा रजिस्ट्री के बाद तत्काल नामांतरण की सुविधा देने की तैयारी में है। इस नए बदलाव में न सिर्फ आनलाइन नामांतरण बल्कि ऐसा साफ्टवेयर बनाया जा रहा है कि, रजिस्ट्र होने के बाद रिकार्ड में भुईंया में तत्काल अपडेट हो जाएगा।

# कर्नल पर अभद्र टिप्पणी कांग्रेसियों ने फूंका पुतला



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला कांग्रेस दुर्ग ग्रामीण, जिला कांग्रेस दुर्ग शहर व भिलाई जिला कांग्रेस के संयुक्त तत्वाधान में देश की जांबाज बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ भाजपा की मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा अभद्र टिप्पणी करने पर पटेल चौक में सैकड़ों कांग्रेसियों द्वारा विजय शाह का पुतला दहन किया गया।

■ मंत्री पर राष्ट्रद्रोह का मामला दर्ज करने की मांग

पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा देश का गौरव कर्नल सोफिया कुरैशी ने आतंकवादियों द्वारा निर्दोष नागरिकों की हत्या करने पर देश की महिलाओं के सिंदूर को उजाड़ने का बदला लिया और पाकिस्तान में घुसकर उन आतंकवादियों को खत्म किया। ऐसे वीर सैनिक महिला के बारे में एक मंत्री द्वारा अभद्र टिप्पणी इनकी मानसिकता को दर्शाता है। जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा आज देश की जनता मान गई कि, इंदिरा गांधी सही मायने में आयरन लेडी थी। जिन्होंने 1971 की पाकिस्तान के खिलाफ जंग में अमेरिका जैसे देश के दबाव में ना आकर पाकिस्तान को परास्त कर उसका विभाजन किया और स्वतंत्र बांग्लादेश का निर्माण हुआ और दक्षिण एशिया में भारत प्रमुख शक्ति बनकर उभरा।

वहीं अभी जब हम हर क्षेत्र में पाकिस्तान से तीन गुना ज्यादा होने के बाद 56 इंच के सीने वाले देश के प्रधान मंत्री ने अमेरिका की एक धमकी पर घुटने टेक दिए और सीजफायर कर दिए। ये देश की जनता के लिए बहुत ही शर्म की बात है। कांग्रेसियों ने मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह पर राष्ट्रद्रोह का मामला दर्ज करने और उन्हें जेल भेजने की मांग की।

इस दौरान पूर्व विधायक अरुण वोरा, जिला ग्रामीण विकास राकेश ठाकुर, भिलाई जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, आरएन वर्मा, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू, धीरज बाकलीवाल, राजेश यादव, प्रवक्ता नासिर खोखर, हरीश ठाकुर, अमृत राजपूत, मोहन सिंगोर, धनेश्वर साहू, आनंद कपूर ताम्रकार, मुकेश साहू, सौरभ ताम्रकार, शिशिर कांत कसार सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

# कुपोषित बच्चों को गोद लेकर दूध, केला और गुड़ सहित दे रहे पोषण सामग्री

**भिलाई।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए पोषण अभियान के अंतर्गत कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायत बनाने की दिशा में सरपंचों और जनप्रतिनिधियों द्वारा 7 केंद्रों के लिए चना, मूंगफली, गुड़, सप्ताह में दो दिन दूध और केला, बच्चों को पोषण सामग्री सहित कुपोषित बच्चों को गोद लेकर पोषण सामग्री उपलब्ध करवाई जा रही है।

पोषण अभियान के अंतर्गत कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायत बनाने की दिशा में सरपंचों और जनप्रतिनिधियों की भूमिका सराहनीय बनती जा रही है। इस अभियान के तहत पूरे प्रदेश में दुर्ग जिले में सबसे अधिक 77 ग्राम पंचायतों को चयनित किया गया है, जहां अगले 6 माह में कुपोषण को कम करने का लक्ष्य तय किया गया है। जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अजय कुमार साहू ने बताया कि चयनित ग्राम पंचायतों में 247 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं, पर्यवेक्षक और परियोजना अधिकारी समन्वय से कार्य कर रहे हैं। अभियान के तहत राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान कुपोषण से मुक्त हुए ग्राम पंचायतों का मूल्यांकन किया जाएगा और सर्वाधिक कुपोषण से मुक्त हुए पंचायतों को विभाग की ओर से एक लाख रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। इस अभियान और सेवा कार्य में सरपंच डॉ. राजेश बंछोर, दिनेश ठाकुर, तुलसी सिन्हा, विनय चंद्राकर, ज्योति गोलू चंद्राकर विशेष सहयोग कर रहे है। इन सभी ग्राम पंचायतों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा रेडी टू ईट मिलाकर लड्डू बनाया गया है। जिसे रोज कुपोषित बच्चों को खिलाया जा रहा है। चिन्हांकित ग्राम पंचायतों को कुपोषण मुक्त करने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार गृहभेंट कर कुपोषित बच्चों और गर्भवती महिलाओं के खान-पान में विशेष ध्यान दे रही है।

### मेधावी छात्रा धरना ने 91.4 प्रतिशत लाकर बढ़ाया मान

**भिलाई।** स्वामी आत्मानंद स्कूल खम्हरिया की धरना साहू ने 91.4% लेकर शहर को गौरवान्वित किया है। धरना की इस सफलता पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने धरना साहू के घर जाकर उन्हें बुके, मिठाई भेंट कर बधाई दी। उन्होंने धरना की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग की सराहना करते हुए आगे की पढ़ाई के लिए हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। इस अवसर पर महापौर नीरज पाल, धर्मेंद्र यादव, राजेंद्र साहू, महेंद्र साहू, प्रवीण साहू ने उनके घर जाकर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# एसटीएफ कॉलोनी में बनेगी नई सिवरेज लाइन विधायक ने प्रस्ताव तैयार करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



वार्ड 56 बघेरा स्थित एसटीएफ कॉलोनी में नया सिवरेज लाइन बिछेगा। कॉलोनी में बिछे पाइपलाइन की समस्या से स्थानीय नागरिकों ने विधायक कार्यालय में समस्या बताई थी। जिस पर विधायक गजेन्द्र यादव ने इंजीनियरो की टीम के साथ मौका का निरिक्षण किया और शीघ्र ही इस्टीमेट तैयार करने निर्देश दिए है।

विधायक गजेन्द्र यादव ने बताया कि, बघेरा स्थित एसटीएफ कॉलोनी में बिछे सिवरेज लाइन जर्जर हो चुका है। गृह निर्माण मंडल द्वारा 2004 में अटल आवास भवन निर्माण किया गया था, उस समय से लगा पाइपलाइन पुराना होने के कारण जर्जर हो चुका है। जिसे बदलने के कॉलोनी में निवासरत लगभग 400 परिवारो ने व्यक्तिगत मुलाकात कर सिवरेज की समस्या से अवगत कराये थे। शीघ्र इस्टीमेट बनाकर शासन से स्वीकृति हेतु प्रस्ताव बनाने निर्देश दिया। उन्होने कहा बघेरा में विद्युत पोल की संख्या बढ़ाने काम चल रहा है, ताकी रात्रि में आने जाने में परेशानी न हो। इस दौरान पार्षद कुलेश्वर साहू, कमल देवांगन, साजन जोसफ, मंडल अध्यक्ष बंटी चौहान, कमलेश फेकर, महेन्द्र लोढ़ा, दिनेश नलोड़े सहित हाउसिंग बोर्ड के ईई आरके गोडबोले, सहायक अभियंता प्रिवेश साहू, उप अभियंता रिजवान चौहान एवं देवेंद्र पटेल उपस्थित रहे।

## दीपक नगर स्कूल में जिला और निगम प्रशासन की जमकर फजीहत

# खाली कुर्सी से मेयर नाराज, सभापति भी मायूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मुख्यमंत्री द्वारा शुरू किए गए सुशासन तिहार में एक बार फिर आम जनता मूंह मोडते दिखी। नगरनिगम द्वारा तिलक स्कूल के बाद दूसरा शिविर बुधवार को दीपक नगर स्कूल में लगाए गए थे। यहां महापौर और सभापति खाली कुर्सी के सामने भाषण देते अचरच नजर आए। महापौर अल्का बाघमार ने अफसरों को कहा प्रचार प्रसार नही करने का ही नतीजा है कि, शिविर में कुर्सी खाली है। वहीं सभापति श्याम शर्मा ने कहा आने वाले साल में मेरे दावा है कि, सभी कुसियां भरी मिलेगी। शिविर में चार सौ कुर्सियां, दर्जनभर से अधिक जंबो कुलर, लाडस्पीकर सहित बडा पंडाल व रोचक स्टेज बनाए गए थे। लेकिन कुर्सी खाली होने से शिविर फीका दिख रहा था। इससे पहले भी तिलक स्कूल में शिविर का आयोजन किया गया था। जहा भी खाली कुर्सी ने प्रशासन की किरकिरी की थी। उसी तरह का हाल दीपक नगर स्कूल में रहा।

शिविर में पीडित कुछ ही लोग पहुंचे, वही स्टेज को छोड पंडाल में खाली कुर्सियां निगम प्रशासन को बेचैन करती रही। शिविर में महापौर अलका बाघमार ने सभापति श्याम शर्मा, आयुक्त सुमित अग्रवाल एमआइसी सदस्यों और पार्षदो के संग सुशासन तिहार शिविर में लगें स्टॉल का निरीक्षण कर प्राप्त आवेदनों के संबंध में जानकारी ली गई। नगर पालिक निगम दुर्ग स्वामी आत्मानंद स्कूल



शिविर वार्ड 23 से 26, 47,48,59 एवं 60 तक की सुनवाई की गई। यहां मांग 96 शिकायत 42 मिले। इस तरह कुल-138 आवेदन थे। जिसमें से निराकृत-137 व एक लंबित के अलावा आबकारी विभाग प्राप्त आवेदन ऑनलाइन 1 मांग एक निराकरण किया गया। क्रेडा विभाग प्राप्त निरंक, स्वास्थ्य विभाग दुर्ग एमएचओ प्राप्त आवेदन 1 निराकरण 1 किया गया। खाद विभाग प्राप्त आवेदन 6 निराकरण, बिजली विभाग कुल प्राप्त आवेदन 2 निराकरण, श्रम विभाग कार्यालय प्राप्त आवेदन 25 निराकरण सहित अन्य विभाग के आवेदनों का निराकरण किया गया।

### मेयर ने कहा- करवाएं प्रचार-प्रसार

संबोधन के दौरान मेयर ने कहा आपसे प्रचार प्रसार में कमी हो गई हैं। उन्होने कहा आने वाले समय में घर घर पहुंचने वाले कचरा वाहन के जरिए लाउस्पीकर और पेपरों से प्रचार करे। मेरा दावा हैं कि, आने वाले दिनों नब्बे फीसदी आवेदन पहुंचेगें। उन्होने कहा मैने देखा रातभर पंडाल व अन्य सुविधा में अफसर लगे रहे, लेकिन दूसरे दिन कुर्सी खाली रह गई। सभापति श्याम शर्मा ने कहा इस बार लोगों को जानकारी नही मिल पाई, लेकिन आने साले साल में सभी कुर्सियां भरी रहेगी।

## पेज 11 के शेष

### सुशासन तिहार यानी हर ...

यह सुनिश्चित करें कि एक भी नागरिक बिना समाधान के शिविर से न लौटे। हमारा उद्देश्य है – जनसेवा के माध्यम से विश्वास का निर्माण शिविर मे नागरिकों से विभिन्न विभागों के लिए सैकड़ों आवेदन प्राप्त किए गए।जिनका शिविर में ही प्राथमिक स्तर पर समाधान किया गया। शिविर मे महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं के तहत नोनी सुरक्षा योजना और प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। सुकन्या समृद्धि योजना अंतर्गत लाभार्थी बालिकाओं को बैंक पासबुक प्रदान की गई। आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया जिससे लोगों को स्वास्थ्य सुविधा से जोड़ने में मदद मिलेगी।अंत मे विधायक दीपेश साहू ने शिविर मे लगे विभिन्न स्टॉलो का निरिक्षण कर विभिन्न योजनाओं की जानकारी नागरिकों ने शिविर की पारदर्शिता और त्वरित समाधान प्रक्रिया की सराहना की। अध्यक्ष,नगरपालिका विजय सिन्हा ने कहा राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे समाधान शिविर यह सुनिश्चित करते हैं कि शासन की योजनाएं केवल कागज़ों में नहीं, बल्कि जमीन पर भी दिखाई दें। शिविरों के माध्यम से जनता को उनके अधिकार समय पर मिल रहे हैं – यही सुशासन का उद्देश्य है। नगरपालिका अधिकारी ने आभार प्रकट किया ।

### डेहरी के घर में पति खून से ..

चलते घायल पत्नी को उपचार के लिए धमधा सामुदायिक अस्पताल भेजा गया वहां से नाजुक स्थिति को देखते हुए शासकीय अस्पताल दुर्ग भेजा गया जहां उसका उपचार जारी है। मृतक आशीष बंजारे पिता इंद्र कुमार बंजारे उम्र लगभग 23 वर्ष बताई गई। परिजनो व ग्रामीणों के मुताबिक मृतक की दिमागी हालत तीन-चार माह से ठीक नहीं है जिससे इस घटना को जोड़कर देखा जा रहा है।

### राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर ...

स्वास्थ्य केंद्रों एवं जिला चिकित्सालय में निःशुल्क उपलब्ध है। जिला नोडल अधिकारी (**NVBDCP**) एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि डेंगू नियंत्रण हेतु मच्छर और लार्वा स्रोतों का नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए जमे हुए पानी में मिट्टी का तेल या जला हुआ मोबिल ऑयल डाला जाए, कूलर की नियमित सफाई, टायरों और पुराने बर्तनों में जमा पानी हटाना, और मच्छरदानी का उपयोग करना आवश्यक है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि डेंगू का कोई विशेष इलाज या वैक्सीन नहीं है। मरीजों को बुखार के दौरान केवल पैरासीटामोल दी जा सकती है। एसप्रिन या इबुप्रोफेन का सेवन बिना चिकित्सकीय परामर्श के न करें। साथ ही यह भी जानना जरूरी है कि हर डेंगू मरीज को प्लेटलेट्स की आवश्यकता नहीं होती। डेंगू पर नियंत्रण के लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर प्रदर्शन एवं स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से आमजन को इस विषय में जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे डेंगू की रोकथाम के लिए दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन करें और अपने घर व आस-पास सफाई रखें।

### जूनियर शतरंज ...

फ़िडि आर्बिटर रॉकी देवांगन है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ की ओर से मुख्य अतिथि जिलाधीश रणवीर शर्मा को स्मृति चिन्ह भी भेट किया गया । कार्यक्रम का संचालन आयोजन समिति के सदस्य तुलसी सोनी एवं आभार प्रदर्शन प्रदेश शतरंज संघ के सह सचिव ईश्वर सिंह राजपूत ने किया। 17 मई से 19 मई तक फीडे अंडर 13 का भी आयोजन एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा प्रांगण मे ही किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय संचालिका व छत्तीसगढ़ शतरंज संघ की उपाध्यक्ष भावना बोहरा ने कहा शतरंज केवल एक खेल नहीं, अपितु यह विद्यार्थियों में अनुशासन,धैर्य, रणनीतिक सोच एवं मानसिक विकास का साधन है। कार्यक्रम में प्रदेश शतरंज संघ एवं आयोजन समिति के शेख लतीफ ,सुबोध कुमार सिंह,अनिल शर्मा,चित्रांश अग्रवाल , हर्ष शर्मा,शुभम बसोंने,आकांक्षा जैन,इम्तियाज मेमन,विक्रम सिंह,चंदन विश्वकर्मा मौजूद थे।

**समस्या:** आए दिन लगने वाले जाम से वाहन चालक व यात्री हलाकान

# बढ़ते यातायात के दबाव के कारण बौना साबित होने लगा चिल्फी नेशनल हाईवे-30

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चिल्फीघाटी

जिले से गुजरने वाला नेशनल हाईवे 30 रायपुर-जबलपुर लगातार बढ़ते यातायात के दबाव के चलते अब बौना साबित होते जा रहा है। आलम ये है कि यातायात के लिहाज से बेहद उपयोगी और संवेदनशील इस चौबिसों घंटे आमदरफ्त वाले नेशनल हाईवे में बढ़ते यातायात के बीच आए दिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही है।

जिसका सीधा खामियाजा आम यात्रियों के साफ क्षेत्र के लोगों और वाहन चालकों को भुगतना पड़ रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस मार्ग में गुरूवार को भी चिल्फी घाटी क्षेत्र में एक ट्रेलर वाहन के खराब हो जाने के कारण जाम की स्थिति निर्मित हो गई। जिसके चलते इस भीषण गर्मी में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसे चिल्फी पुलिस की मुस्तैदी ही कहें की उसने जाम लगने की सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर जल्द ही जाम को खुलवा दिया। लेकिन यहां बताना लाजिमी होगा कि पुलिस की मुस्तैदी और सक्रियता के बाद भी ऐसा हर बार संभव नहीं हो पाता।

विशेषकर जब रात के समय चिल्फी थाना क्षेत्रांतर्गत घाटी में जाम की स्थिति निर्मित होती है तो यात्रियों और वाहन चालकों के साथ पुलिस प्रशासन के भी पसीने छूट जाते हैं। कई-कई बार तो यहां ऐसा भी देखने को मिलता है कि मार्ग में कई-कई किलो मीटर का लंबा जाम लगा होता है और वाहनो की लम्बी कतारें दोनो ओर लगी रहती हैं। ऐसे हालातों में घंटों की मसक्कत के बाद भी पुलिस वहां तक नहीं पहुंच पाती जहां जाम का कारण मौजूद होता है। लम्बे समय से चिल्फीघाटी में लगने वाले जाम की समस्या से जूझ रहे स्थानीय और दूसरे लोगों का कहना है कि वास्तव में अब चिल्फी थाना क्षेत्र से गुजरने वाला नेशनल हाईवे 30 लगातार बढ़ते यातायात के दबाव के चलते बौना साबित होने लगा है। खासकर जबसे इस मार्ग के दोनो ओर नालियों का निर्माण कराया गया है मार्ग और भी सकरा हो गया है। लोगों का मानना है कि समय के साथ-साथ आज के दौर में आवागमन और ट्रांसपोर्टिंग के लिए जिस तरह के बड़े और आधुनिक वाहनो का उपयोग किया जा रहा है उस लिहाज से चिल्फीघाटी का मार्ग उपयुक्त नहीं है।

इस घाटी से गुजरने वाले मार्ग में दर्जनो मोड़ हैं और उसमें कई मोड़ तो ऐसे हैं जिनमें लम्बी कदकाठी के वाहनो को मोड़ना अच्छे-अच्छे बाजमार चालकों के बस की भी नहीं होती। ऐसे लम्बे-चौड़े वाहनो के ही नौसिखिया वाहन चालकों की लापरवाही और गलतियों की वजह से चिल्फीघाटी में आए दिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही है।



### कई-कई घंटे फंसे रहते हैं यात्री व वाहन

लोगों ने बताया कि चिल्फीघाटी से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 में आए दिन लगने वाला जाम कई बार इतना लम्बा होता है कि वाहनो को निकलने में कई-कई घंटे लग जाते हैं। कई बार तो यात्रियों को एक ही स्थान पर पूरी रात गुजारनी पड़ जाती है। ऐसे हालातों में यात्रियों का घाटी के बीच जंगल में क्या हाल होता होगा इसका अंदाजा वही लगा सकता है जिसने इस तरह की विषम परिस्थिति का सामना किया हो। लेकिन आज हालात ऐसे हो चुके हैं कि इस तरह की परेशानी और समस्या उस हर यात्री को भुगतनी पड़ रही है जो चिल्फीघाटी होते हुए यात्रा पर निकला है। उसे पता नहीं होता कि वह कब अपने मुकाम पर पहुंचेगा।

### वैकल्पिक व्यवस्था पर हो विचार

लोगों ने अब शासन से लगातार गंभीर होते जा रही है समस्या पर विचार कर कोई वैकल्पिक व्यवस्था कराए जाने की मांग की है। क्योंकि लोगों का मानना है कि समय के साथ यह समस्या और भी ज्यादा गंभीर होते चले जाएगी। ऐसे में समय रहते इस समस्या के समाधान के विचार और जरूरी हो चुके है।

## पीएटी/पीवीपीटी के लिए हुई परीक्षा कलेक्टर ने किया केंद्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित प्री एग्रीकल्चर टेस्ट (पीएटी) एवं प्री वेटरनरी पॉलिटेक्निक टेस्ट (पीवीपीटी) भर्ती परीक्षा का आयोजन गुरुवार 15 मई प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक संपन्न हुआ। जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से आयोजित की गईं। परीक्षा के सुचारू संचालन एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेने कलेक्टर रणवीर शर्मा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों में पहुंचकर सभी कक्षाओं का भ्रमण किया तथा परीक्षा में तैनात शिक्षकों और कर्मचारियों से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री शर्मा ने साफ-सफाई, पेयजल, बैठने की समुचित व्यवस्था और सुरक्षा संबंधी तैयारियों की भी गहन समीक्षा की। उन्होंने परीक्षा में पारदर्शिता बनाए रखने हेतु विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए और किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचने को कहा। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि परीक्षार्थियों को शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने परीक्षा से जुड़े सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और शिक्षकों को बेहतर व्यवस्था हेतु निर्देशित किया।

जिले में तीन परीक्षा केंद्रों पर कुल 1072 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 641 परीक्षार्थी उपस्थित और 431 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। शासकीय पं.ज.ला.ने. कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे कुल परीक्षार्थी 480, जिसमे उपस्थित 251, अनुपस्थितः 229।

लक्ष्मण प्रसाद बैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय मे कुल परीक्षार्थी 287, उपस्थित 161, अनुपस्थित 126। शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे कुल परीक्षार्थी 305, उपस्थित 229, अनुपस्थित 76। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा के सफल आयोजन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं, जिससे परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### अज्ञात आरोपियों ने पर्यटकों की चार मोटर सायकलों में लगाई आग

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में दिन-ब-दिन बढ़ती आपराधिक गतिविधियों और उस पर खस्ताहाल कानून व्यवस्था के चलते अपराधियों व असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद नजर आ रहे है। ऐसे ही हौसले बुलंद असामाजिक तत्वों ने गुरूवार को जिले के पर्यटन स्थल छीरपानी डेम घूमने सपरिवार आए पर्यटकों की चार मोटर सायकलों में आग लगाकर नष्ट कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला तो दर्ज कर लिया है लेकिन अभी तक अपराधी पुलिस पकड़ से बाहर बताए जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**कवर्धा।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर स्थानीय शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कवर्धा में एक विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष की थीम जांच करें, साफ करें, ढके डेंगू को हराने के उपाय है, जिसका उद्देश्य समुदाय में डेंगू की रोकथाम और उससे बचाव के प्रति व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में वाद-विवाद प्रतियोगिता और मॉडल निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय है क्या डेंगू की रोकथाम में जनजागरूकता सरकारी प्रयासों से अधिक प्रभावशाली है इस प्रतियोगिता में 16 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति भाग ले सकते हैं। वहीं, मॉडल निर्माण प्रतियोगिता में प्रतिभागी डेंगू मच्छर के जीवन चक्र, फैलाव के स्रोत, और रोकथाम के उपायों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत करेंगे।

### जिलावार बूस्टरप कार्यक्रम 19 मई को

**कवर्धा।** आईआईएफटी कोलकाता द्वारा कबीरधाम जिले में 19 मई 2025 सोमवार को एक दिवसीय निर्यात जागरूकता एवं मार्गदर्शन कार्यशाला पर जिलावार बूस्टरप कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से लेकर शाम 05.45 बजे तक रायपुर रोड, कवर्धा स्थित हॉटल में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य हस्तशिल्प, वस्त्र, अन्य विनिर्माण, कृषि उत्पाद, खाद्य प्रसंस्करण आदि क्षेत्रों में रुचि रखने वाले तकनीकी साक्षर संभावित उद्यमियों को निर्यात के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराना है।ॉ

## कांग्रेस ने फूंका मध्यप्रदेश के मंत्री कुंवर विजय शाह का पुतला

### कर्नल सोफिया कुरैशी का अपमान, देश की सेना का अपमानः होरीराम




- कांग्रेस ने की बर्खास्तगी व मंत्री के गिरफ्तारी की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार के मंत्री कुंवर विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ की गई विवादित टिप्पणी के मामले में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर गुरूवार को जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष होरीराम साहू के नेतृत्व में मंत्री कुंवर विजय शाह का जिला मुख्यालय कवर्धा स्थिति कांग्रेस कार्यालय के सामने पुतला फूंका और उनके खिलाफ जमकर नारे बाजी की।

इस दौरान उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरीराम साहू ने कहा कि मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार के असंस्कारी कैबिनेट मंत्री विजय शाह ने देश की बेटी कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ अपमानजनक और विवादित टिप्पणी कर भाजपा का चाल और चरित्र उजागर कर दिया है। भाजपा के मंत्री श्री शाह की इस टिप्पणी के बाद यह स्पष्ट हो जाता है कि हमारे देश के जवानो के प्रति कौन कैसी सोच रखता है।

श्री साहू ने कहा कि हद तो यह है कि मध्यप्रदेश राज्य के एक कैबिनेट मंत्री द्वारा इस तरह से हमारे देश की सेना और देश को शर्मसार करने के बाद भी भाजपा सरकार और संगठन के द्वारा अभी तक इस मंत्री के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई है जिससे कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरीराम साहू ने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी का अपमान देश की सेना का अपमान है, जिसे देश कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होने कहा कि हमारी मांग है कि भाजपा में अगर तोड़ी सी भी नैतिकता बची है तो मंत्री विजय शाह को तत्काल मंत्री पद से बर्खास्त कर उनके के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया जाए और उन्हें तत्काल देशद्रोह के साथ संगीन धाराओं के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए। वहीं शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि यदि भाजपा सरकार ने इस पर संज्ञान लेकर विजय शाह को बर्खास्त नहीं किया तो कांग्रेस पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन करेगी।

उन्होंने कहा कि यह महिला विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। पुतला दहन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जिला कांग्रेस कमेटी के सभी विंग के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कोलेगांव क्षेत्र में पॉवर कट से उपभोक्ता परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी की खस्ताहाल तथा चरमराई व्यवस्था के बीच बिजली की आंख मिचौली उपभोक्ताओं को हलाकान और परेशान कर रही है। बताया जाता है कि विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव, कुण्डा, दामापुर, रूसे, भगतपुर, धनेली, बसनी, घोरपेंड्री, मोहतरा कला, कंझेटा, अमलीमालगी, कुआंमालगी, भटरूसे, पथरी, सोमनापुर, मोतेसरा सहित ऐसे कई गांव हैं जहां के उपभोक्ताओं को 24 घंटों में कुछ घंटे ही बिजली आपूर्ति हो पा रही है, बाकी समय उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में बगैर बिजली के ही गुजारा करना पड़ रहा है। जिससे ग्रामीणों को न सिर्फ भारी परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है बल्कि उनके कई घरेलू और व्यवसायिक तथा खेती किसानी के कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी की कामचलाऊ विद्युत व्यवस्था का आलम ये है कि दिन में कई-कई बार पॉवर कट हो रहा है। जरा सी हवा चली नहीं की बिजली गुल हो जाती है। समस्या ये है कि इस तरह के पॉवर कट के बाद बिजली कब वापस आएगी इसका कोई ठिकाना नहीं रहता। वहीं लाईन मैन तथा विद्युत कार्यालय से संपर्क करने पर एक तो फोन उठाया नहीं जाता और उठाया भी जाता है तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। वहीं अगर रात के समय पॉवर कट हो गया तो फिर भगवान ही मालिक है। ग्रामीणों ने बताया विद्युत विभाग की इस खस्ताहाल और चरमराई व्यवस्था से उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के साथ मच्छरों के आतंक से लोग हलाकान और परेशान हो रहे हैं। इसके अलावा बिजली के आभाव में पेयजल व्यवस्था, इन दिनो गांव-गांव में हो रहे शादी विवाह के कार्यक्रम तथा लोगों के विद्युत से जुड़े रोजी रोजगार के कामकाज भी प्रभावित हो रहे हैं। वहीं विद्युत व्यवस्था के चौपट होने से क्षेत्र के किसान भी अपनी फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। ग्रामीण उपभोक्ताओं ने शासन, प्रशासन तथा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी से विद्युत व्यवस्था में सुधार की मांग की है।

## डीपीएस में सीबीएसई कक्षा 10वीं व 12वीं के परिणाम उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने कक्षा 10 वीं और 12 वीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। हर बार की तरह इस बार भी डीपीएस स्कूल महाराजपुर के विद्यार्थियों ने इन दोनो ही परिक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और अच्छे अंक प्राप्त किए हैं। स्कूल प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक कक्षा बारहवीं में विद्यालय की होनहार छात्रा मैमूना आलिया परवीन ने 91 प्रतिशत, गुलशन बानो ने 85 प्रतिशत, हिमांशु नायक ने 82 प्रतिशत अंत अर्जित किए हैं। इसी प्रकार कक्षा 10 वीं में वंशिका चंद्रवंशी ने 89 प्रतिशित, पीयूष वर्मा ने 84 प्रतिशत तथा रागिनी महानंद ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। सभी विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम और समर्पण से यह सफलता प्राप्त की है। विद्यालय के निदेशक शिव अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, मनोज अग्रवाल एवं विजय गुप्ता, विद्यालय के प्रिंसिपल ग्रेसिया फिग्रेड और शिक्षकगणो ने सभी छात्रों को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

## मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे है ग्राम गभोड़ा के ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत बिरहुलडीह के आश्रित ग्राम गभोड़ा के ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपकर गांव में सड़क, पानी, बिजली एवं अन्य समस्याओं के समाधान की मांग की है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत बिरहुलडीह के आश्रित ग्राम गभोड़ा में आज तक सड़क/रोड निर्माण नही हुआ है जिसके आभाव में ग्रामवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है उन्होने बताया कि वर्षाकाल में ग्रामवासी स्कूली बच्चो को आने जाने में परेशानी होती है तथा किसी व्यक्ति स्वास्थ्य खराब होता है तो 3 किलो मीटर पैदल व मरीज को खाट मे उठा कर ले जाना पड़ता है। इसी प्रकार गांव में आज तक बिजली सुविधा नही है जिससे ग्रामवासी मूलभूत सुविधा से आज भी वचिंत हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव मे प्राथमिक स्कूल तो है लेकिन शिक्षक गांव में तीन-चार माह में एक बार ही आता है। गांव में पेयजल की भी गंभीर समस्या व्याप्त है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से समस्याओं के समाधान की मांग की है।

20 मई से 22 मई तक तीन दिवसीय आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम

## बोड़ला में सदगुरु कबीर संत समागम की तैयारी जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

नगर में 20 मई से 22 मई तक त्रिदिवसीय श्री सद गुरु कबीर संत समागम समारोह का आयोजन किया जा रहा है जिसकी तैयारी जोरों पर है। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर आयोजन समिति के द्वारा तैयारी की जा रही है जिसे लेकर समस्त कबीरपंथ समाज के द्वारा बैठकों का दौर शुरू हो गया। कार्यक्रम व आयोजन के विषय में जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. रुपनाथ मानिकपुरी ने बताया कि श्री सद्गुरू कबीर साहिब व पंथ श्री हुजूर प्रकाश मुनी नाम साहिब व नवोदित वंशआचार्य पंथ श्री हुजूर उदित मुनी नाम साहिब के सानिध्य में नगर पंचायत क्षेत्र बोड़ला में त्रिदिवसीय संत समागम समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में डॉ. भानु प्रताप साहब एवं माता सुलक्षणा देवी के कर कमलों से संत समागम समारोह सात्विक आनंदी चौका आरती आर्शीवचन प्रदान किया जाना है। उन्होंने बताया कि तैयारी को लेकर समस्त कबीर पंथ समाज परिक्षेत्र बोड़ला की इकाई के द्वारा लगातार कबीर कुटी में बैठक आयोजित कर कार्यक्रम को सफल बनाने कार्ययोजना बनाई जा रही है। बैठक में आसपास के 40 से 50 गांव के समस्त कबीरपंथ समाज के लोगों के द्वारा कार्यक्रम की सफल तैयारी को लेकर चर्चा की जा रही है, समस्त कबीरपंथ समाज के लोगों के द्वारा कार्यक्रम के आयोजन को लेकर जिम्मेदारी भी तय की गईं। जिनमें नल जल,भोजन भंडारा, मंच व्यवस्था, शोभायात्रा, कलश यात्रा,पंडाल व्यवस्था, चौका आरती आदि की व्यवस्था के विषय में लोगों की जिम्मेदारी तय कर दिया गया है।




### नगर के पुराने स्कूल में होगा आयोजन

तीन दिवसीय संत समागम समारोह के लिए आयोजन समिति के द्वारा मौसम के उतार चड़ाव को देखते हुए नगर के बीचों-बीच स्थित थाना के पास पुराने शाला भवन के परिसर का चयन किया गया है। भोजन भंडारे की व्यवस्था नए मंगल भवन में किए जाने की जानकारी मिल रही है, इसके अलावा कवर्धा, पोंडी, पंडरिया, बिलासपुर की ओर से आने पर तहसील ऑफिस के पास, चिल्फी, मंडला की ओर से आने पर झंडा तिराहे पर पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है।




पाठक सूचना

देवकर एवं आस-पास के क्षेत्रों में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो साथ ही समाचार पत्र, विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें

संवाददाता : अतुल गुप्ता
देवकर

गुप्ता न्यूज एजेंसी
पता : गुप्ता आरामिल, बस स्टैण्ड, देवकर
मो. 9993220300